तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

12 वीर शहीदों और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में हांसी में निकाली तिरंगा यात्रा



12 सीधे संवाद के माध्यम से ही समझी जा सकती विद्यार्थियों की समस्याएं...



## खबर संक्षेप

### लोडेड अवैध पिस्तोल सहित एक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने कैमरी रोड स्थित साईं नर्सरी के पास से एक व्यक्ति को लोडेड अवैध पिस्तोल सहित काबू किया है। एएसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने साईं नर्सरी, कैमरी रोड के पास से संदिग्ध व्यक्ति को रोका। पूछताछ में उसने अपना नाम कैंप पटेल नगर निवासी राहुल उर्फ गोल्डन बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध लोडेड पिस्तोल बरामद हुआ। पिस्तोल को खाली करने पर उसमें से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### पुलिस ने गांव उगालन व पुठ्ठी में चलाया सर्च अभियान

**नारनौंद।** एनडीपीएस सेल इंचार्ज एएसआई अनुप ने थाना बास पुलिस के साथ सोमवार को नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए गांव उगालन व पुठ्ठी में पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच की। एनडीपीएस सेल पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम सहित गांव उगालन व पुठ्ठी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो।

### रुपये वसूलने के मामले में तीसरा युवक पकड़ा

**नारनौंद।** पुलिस ने दबाव डाल व धमकी देकर रुपये वसूलने वाले मामले में तीसरे आरोपित युवक जसबीर उर्फ काला निवासी भैणी अमीरपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में दो युवकों को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। सीआईए नारनौंद में तैनात एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि आरोपित युवक जसबीर ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर कुछ दिनों पहले वार्ड नंबर 10 नारनौंद निवासी नसीब को 60 हजार रुपये देकर उससे 90 हजार रुपये वसूल लिए और 15 हजार रुपये की दबाव व धमकी देकर मांग कर रहे थे। इसके खिलाफ थाना नारनौंद में मामला दर्ज हुआ था।

### 'विभाजन विभीषिका के मानवीय पहलू' पर गोष्ठी आज

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के संयुक्त तत्वाधान में 'विभाजन विभीषिका' स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में 12 अगस्त को विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 'विभाजन विभीषिका के मानवीय पहलू' विषय पर होने वाली इस गोष्ठी में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे।

### 5 माह पहले हुई शादी, 3 महीने में ही मायके आ गई

# व्हाट्सअप पर तलाक के कागज भेजने से आहत फौजी की पत्नी ने जहर निगला

### ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व मृतका के पति पर फोन नहीं उठाने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उमरा गांव निवासी एक नवविवाहित युवती ने फौजी पति द्वारा व्हाट्सअप पर तलाक के कागज भेजने से आहत हो कर जहर खाकर अपने जान दे दी। युवती की 5 माह पहले ही फौजी युवक से शादी हुई थी। आरोप है कि उसके फौजी पति ने उसे व्हाट्सअप पर तलाक के कागजात भेज दिए थे।

इससे आहत होकर युवती ने जहर का सेवन कर लिया जहर का सेवन किए जाने के बाद हालत बिगड़ने परिजनों ने उसे हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों के बयान पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व मृतका के पति पर फोन नहीं उठाने का आरोप लगाया है। वहीं मृतका की सास ने कहा कि वह जहर खा कर मर गई तो हम क्या करें।

मृतका की पहचान हांसी थाना क्षेत्र के गांव उमरा निवासी 24 वर्षीय कविता के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक, कविता की 4 बहनें और 1 भाई है। उसके पिता का करीब दो साल पहले हार्टअटैक से निधन हो चुका है। जिसके बाद सारे भाई-बहन मिलकर ही परिवार चलाते है। परिजनों के मुताबिक, कविता की शादी 5 महीने पहले गढ़ी गांव निवासी के अंकुश के साथ हुई थी। अंकुश भारतीय सेना में जवान है। परिजनों का कहना है कि उनके द्वारा शादी बड़ी धूमधाम से की गई थी। लेकिन शादी के बाद ही ससुराल वालों ने कविता को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। इस कारण कविता 1 जून से अपने मायके उमरा गांव में आ गई थी।



हांसी। नागरिक अस्पताल में मृतका के परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस

#### पति ने व्हाट्सअप पर भेजे तलाक के कागजात

मृतका के परिजनों ने बताया कि मायके आए कविता को दो महीने से ज्यादा वक्त हो गया था। आरोप है कि ससुराल वाले कभी भी कविता को फोन नहीं करते थे और अगर कविता करती थी तो वे उससे सीधे मुंह बात नहीं करते थे। पिछले कई दिनों से उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया था। रविवार को कविता के व्हाट्सअप पर उसके पति अंकुश ने कुछ कागजात भेजे थे। इन कागजात पर पढ़ने पर पता लगा कि ये तलाक के कागजात है। परिजनों ने बताया कि तलाक के कागजात देख कविता काफी आहत हो गई। और उसने रविवार शाम को घर पर ही जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने पर उसे गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत की खबर सुनते ही मायके वालों में कोहराम मच गया।

#### पति ने कॉल नहीं रिसीव की, सास ने बेरुखी दिखाई

कविता के परिजनों के मुताबिक, जब उन्होंने घटना के बारे में उसके पति अंकुश को जानकारी देने के लिए फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद कविता की सास को कॉल की तो यह कहकर बेरुखी दिखाई कि मर गई तो हम क्या करें और इसके बाद फोन काट दिया गया। हालांकि बाद में कविता के ससुराल पक्ष के कुछ लोग अस्पताल पहुंचे और समझौते की कोशिश की।



हिसार। सिविल सर्जन कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते एनएचएम कर्मचारी।

## चार माह से वेतन नहीं, एनएचएम कर्मियों का 2 घंटे का कार्य बहिष्कार

### कई स्वास्थ्य सेवाओं पर असर, कर्मचारियों में गहरा रोष

- 15 अगस्त के बाद हड़ताल पर जाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने सोमवार को चार महीने से वेतन न मिलने के विरोध में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान जिले की कई स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवाएं बाधित रहीं।

कर्मचारियों द्वारा बहिष्कार करने से प्रसूति विभाग, बच्चों व महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम, मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, टीबी मुक्त भारत अभियान, एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान और एंबुलेंस सेवाएं व सभी ऑनलाइन पोर्टल का काम प्रभावित रहीं। एनएचएम कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय के सामने नारेबाजी की और चेतावनी दी कि अगर उन्हें वेतन नहीं दिया गया तो 15 अगस्त से हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

भारतीय मजदूर संघ संबद्ध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि सरकार व प्रशासन 8 माह से एनएचएम कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। वेतन न मिलने से परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है, जबकि कर्मचारी तन-मन-धन से स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि 11 से 15 अगस्त तक प्रतिदिन 2 घंटे का कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। यदि 15 अगस्त तक वेतन जारी नहीं हुआ, तो प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर पूर्ण हड़ताल पर जाने का फैसला लिया जाएगा।

## ड्रिंक एंड ड्राइव में पिकअप का 32 हजार का चालान कर जब्त किया वाहन

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस हांसी ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर ड्रिंक एंड ड्राइव लघु सचिवालय के सामने एक पिकअप का 32 हजार रुपये का चालान कर वाहन को इंपाउंड किया गया। ट्रैफिक पुलिस मै तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर पिकअप गाड़ी सवार व्यक्ति को कागजात जांच के लिए रोका गया तो चालक के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। और चालक के पास पिकअप गाड़ी के कागजात भी नहीं थे। जिस पर ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन के आधार पर पिकअप का ड्रिंक एंड ड्राइव का 32000 रुपये का चालान कर पिंकअप गाड़ी को इंपाउंड कर लिया गया।

## कचरा प्वाइंटों की सीसीटीवी से होगी निगरानी

- सड़क पर कचरा डालने पर होगा जुर्माना
- शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मेयर ने नगर निगम अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए मेयर प्रवीण पोपली ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन अमित कौशिक, एक्सईएन जयबीर डूडी मौजूद रहे।

मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में एक अह्म फैसला लिया गया है कि नगर निगम के द्वारा शहर के कचरा प्वाइंटों को चिन्हित किया गया है जिनमें नागरिक कचरा डाल रहे है। ऐसे सभी प्वाइंटों पर अब सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जाएगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि बार-बार जागरूक करने और चेतावनी देने के बावजूद भी कचरा प्वाइंट और सड़क पर लोग इधर-उधर कचरा डाल रहे हैं।



हिसार। नगर निगम अधिकारियों के साथ चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली।

उनकी निगरानी रखने के लिए निगम की ओर से चिन्हित स्थानों सीसीटीवी कैमरे जा रहे है। अगर कोई कचरा डालता हैं, तो उसकी तस्वीर कैमरे में कैद हो जाएगी और फिर उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई व जुर्माना भी किया जाएगा। यह कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा ताकि आमजन कचरा प्वाइंटों और सड़क पर इधर-उधर न डाले। मेयर प्रवीण पोपली ने शहरवासियों से अपील कि है कि अपने घर या दुकान का कचरा डस्टबिन लगाकर उसमें एकत्रित करे और उसको नगर निगम द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहनों में डाले। कचरे को सड़क पर इधर-उधर न डाले। शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने अपना योगदान दें। सड़क पर इधर-उधर कचरा डालने वालों की निगरानी नगर निगम अब सीसीटी कैमरे के द्वारा करेगा और नियमानुसार कार्रवाई एवं जुर्माना भी किया जाएगा।

### वेतन जारी नहीं किए जाने का किया विरोध

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच ने मंडल नंबर एक के आधीन कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार को कैमरी रोड स्थित कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दीपक लोट ने की जबकि संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मंडल नंबर1 के आधीन कार्यरत कौशल रोजगार कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं किया गया है। इसके कारण उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को प्रांतीय महासचिव जरनैल सिंह, प्रांतीय उप प्रधान अफलातून जाखड़, प्रांतीय उप महासचिव राजेश धनखड़ आदि रहे।

## बिजली चोरी पकड़ने गई टीम को बंधक बनाकर पीटा

- हमले में घायल कर्मचारियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बिजली निगम के गांव बालसमंद सब डिवीजन के तहत सीसवाला-किरतान रोड पर एक ढाणी में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम को बाप-बेटे ने बंधक बना लिया। आरोप है कि टीम में शामिल कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। इस मामले में निगम ने पुलिस को शिकायत दी है। हमले में घायल कर्मचारियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बिजली निगम के जूनियर इंजीनियर योगेश के अनुसार टीम को खारिया के एक ढाणी में बिजली चोरी की सूचना मिली थी। टीम ने देखा कि बिजली मीटर की इनकमिंग वायर ढाणी के ऊपर से जा रही थी, जबकि मीटर बाहर लगा हुआ था। टीम जब घर में पहुंची, तो वहां एक बुजुर्ग महिला मिली। कर्मचारियों ने अपना परिचय दिया। छत पर जांच के दौरान तार में कट मिला, लेकिन उस समय कोई चोरी नहीं हो रही थी। आरोप है कि जब टीम वापस लौट रही थी, तभी मकान मलिक व उसके ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उन्होंने टीम को घर में बंधक बना लिया। बाहर गाड़ी में बैठे ड्राइवर के साथ भी मारपीट की गई। कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर टीम को छुड़ाया। हमले में जेई मनीराम, फोरमैन साधुराम, लाइनमैन सुरेंद्र और ड्राइवर घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नाबालिगा से छेड़छाड़ करने के दोषी को पांच साल कैद

**हिसार।** अदालत ने नाबालिगा से छेड़छाड़ के मामले में दोषी दर्शन को 5 साल की कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 11 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि दर्शन को अदालत ने 8 अगस्त को दोषी करार दिया था। आजाद नगर थाना पुलिस ने इस संबंध में 25 अक्टूबर 2021 को धारा 354 और 10 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार एक कॉलोनी के व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि मेरी 11 साल की बेटी शाम को एक महिला के घर दूध लेने गई थी। वह बाद में दूध लेकर वापिस लौट रही थी। रास्ते में उसे दर्शन मिला। दर्शन ने रास्ता रोककर उसका गला पकड़ लिया और बोला कि घर जाकर अपनी बड़ी बहन को कहना कि मुझसे छत पर बात करे। अगर तूने से अपनी बहन को यह बात नहीं बताई तो मैं तुझे जान से मार दूंगा।

**हुड्डा ने 'नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे' सशक्त भारत पदयात्रा को दिया समर्थनः** हिसार। नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट (एनजीओ) के बैनर तले पूरे देश में चल रही 'नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे–सशक्त भारत पदयात्रा' को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने समर्थन दिया है। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संदीप दांगी ने बताया कि उनका उद्देश्य देश और युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करना है।

### लोगों में रोष, जनस्वास्थ्य विभाग पर समस्या का गंभीरता से नहीं लेने का आरोप

# पटेल नगर की कई कॉलोनियों में सीवर युक्त पानी सप्लाई



हिसार। सप्लाई में मिक्स होकर आ रहे सीवरेज के पानी का दिखाती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पटेल नगर के बाल्मीकि मोहल्ला, बड़े स्कूल के पास का एरिया, मनोहर कॉलोनी, 8 मरला कॉलोनी, चारों धाम पार्क के आसपास, पटेल नगर मार्केट के साथ लगती कई गलियों में पीने के पानी में सीवरेज का गंदा पानी मिक्स होकर आ रहा है। गंदे पानी की सप्लाई होने से सैकड़ों लोगों को परेशानी हो रही है। गंदा पानी सप्लाई होने से लोगों के दैनिक जीवन पर काफी असर पड़ रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे इस पानी को पीने तो दूर की बात कपड़े धोने लायक भी नहीं है। पेयजल सप्लाई के साथ आए सीवरेज पानी के कारण घरों में भी तेज बदबू आने से लोग परेशान है। क्षेत्रवासी कमलेश, सविता, सुप्रिया, पूनम, रेखा, राजल, पूजा आदि के अनुसार पटेल नगर में पेयजल सप्लाई में गंदा पानी आने की समस्या पिछले काफी अरसे से चली आ रही है। शिकायत करने पर कुछ दिन सप्लाई ठीक आने लगती है और बाद में फिर से पेयजल सप्लाई में दूषित पानी आना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन-चार दिन से यह समस्या लगातार हो रही है। इससे लोगों को काला पानी भरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



हिसार। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए दूषित पानी से भरी बाल्टी।

#### पार्षद प्रतिनिधि को मौके पर बुलाकर दिखाई समस्या

इस समस्या को लेकर कॉलोनीवासियों ने जनस्वास्थ्य विभाग के प्रति रोष प्रकट करते हुए वार्ड 16 के पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र बिड़लान से बात की। उन्हें मौके पर बुलाकर समस्या दिखाई और इस समस्या का समाधान करने के लिए कहा। निवासियों ने आरोप लगाया कि यह समस्या आए दिन रहती है। विभाग के कर्मचारी आते हैं लीपापोती करके वापस चले जाते हैं। समस्या यूं की यूं रह जाती है।

#### समस्या का समाधान नहीं होने पर मंत्री से मिलेंगे

इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि बिड़लान ने कॉलोनी वासियों की समस्या को देखते हुए पब्लिक हेल्थ के एसडीओ से बात की और कहा कि वे समस्या का हल करवाएं। बिड़लान ने बताया कि इस समस्या को लेकर वह कई बार संबंधित अधिकारियों को बता चुके हैं लेकिन समस्या का हल नहीं हो रहा। बिड़लान ने बताया कि इस समस्या का समाधान शीघ्र नहीं होता तो व एक प्रतिनिधिमंडल को लेकर प्रदेश के जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा को इस समस्या से अवगत करवाएंगे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठकों के लिए आवश्यक सूचना
"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

हरिभूमि सहेली

स्वाधीनता दिवस विशेष



यह सही है कि वर्षों गुलामी की जंजीरों की जकड़न से मुक्ति मिलने पर तत्कालीन देश-समाज में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन तमाम विडंबनाओं, चुनौतियों और संघर्षों को पार कर आधी आबादी ने ना केवल खुद को मजबूती से प्रतिष्ठित किया, सशक्त राष्ट्र निर्माण में भी महती भूमिका निभाई, अब भी निरंतर निभा रही हैं।

# आधी आबादी की सहभागिता से सशक्त हो रहा देश-समाज

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

वास्तव में स्वतंत्र होने के सही मायने, जीवन के हर पहलू पर सशक्त भागीदारी निभाने से जुड़े हैं। इस मोर्चे पर देखें तो भारतीय महिलाओं ने आजादी मिलने के बाद बेहतरीन सफर तय किया है। हमारे देश की स्त्रियां आज परिवार से लेकर देश की सीमाओं तक, हर फ्रंट पर डटी हैं। 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे आजाद भारत में विकास और बदलाव की संघर्षपूर्ण यात्रा में स्त्रियों की भूमिका रेखांकित करने योग्य रही है।

## पारिवारिक जुड़ाव की महत्वपूर्ण कड़ी

फैमिली सिस्टम किसी देश की आत्मा होता है। परिवार में ही बड़ी पीढ़ी के अनुभव, नई पीढ़ी के जीवन को दिशा देते हैं। नई पीढ़ी के रूप में देश का भविष्य भी घर-आंगन में ही गढ़ा जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही देश के सामाजिक-पारिवारिक माहौल में भी महिलाएं अहम रोल निभाती आई हैं। गृहिणी के रूप में रिश्तों को संभालने की बात हो या काम-काजी महिला के रूप में वर्कफोर्स का हिस्सा बनने की, महिलाओं ने हर तरह से घर-परिवार की बगिया को सींचा है। असल में स्त्रियां ही हमारे फैमिली सिस्टम की लाइफलाइन रही हैं। वास्तव में पारिवारिक रिश्तों का मैनेजमेंट ही समाज को भी स्थिरता देता है। अपनों का यह जुड़ाव अपने राष्ट्र से भी जुड़ने का भाव जगाता है। सुखद यह भी है कि परंपरागत जिम्मेदारियों के निभाने के साथ ही घर-परिवार में स्त्रियां अब लीडरशिप रोल में भी आ गई हैं। स्वतंत्रता के बाद शिक्षित-सजग महिलाओं के आंकड़ों में हुए इजाफे से सोशल, फाइनेंसियल और पर्सनल हर फ्रंट पर फैसले लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। घरेलू और सामाजिक जीवन में महिलाएं अब स्वतंत्र व्यक्तित्व और विचारों की धनी बन रही हैं। इसके चलते सशक्त समाज के निर्माण में आधी आबादी ने पूरी जिम्मेदारी से अपना मोर्चा संभाल रखा है।

## उद्यमिता की दुनिया में दखल

स्वतंत्र भारत की तरक्की में वुमेन वर्कफोर्स का प्रभावी रोल रहा है। स्किल डेवेलपमेंट से लेकर हायर डिग्रियां हासिल करने तक, स्त्रियां किसी भी मामले में पीछे नहीं रहीं। आगे बढ़ने के सतत प्रयास की वजह से देश की उन्नति में भी वे भागीदार बनी हैं।



एआई इमेज

स्त्रियों को इसी जज्बे से क्रिएटिव सोच, साइंस, रिसर्च और आर्म्ड फोर्सेस तक, अपनी जगह बनाने का मनोबल मिला है। गांवों-कस्बों में महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं। एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में भारतीय महिलाओं का दखल चकित करता है। आज अपना बिजनेस शुरू करने, मैनेज करने और आगे बढ़ाने में स्त्रियां कमाल कर रही हैं। नए प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और आइडियाज लेकर एंटरप्रेन्योर बनी महिलाएं आज सफल चेहरों में शुमार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों और ई-कॉमर्स के जरिए व्यवसाय जमाने वाली महिलाएं तो नई पीढ़ी को प्रेरणा दे ही रही हैं। ट्रैक्सन के एक अध्ययन के मुताबिक भारतीय तकनीकी उद्योग में स्टार्टअप्स में वुमन एंटरप्रेन्योर्स की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं नेशनल सर्वे बताते हैं कि एमएसएमई इंडस्ट्रीज में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी है। स्वतंत्र भारत के बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में महिला उद्यमियों के प्रति सकारात्मक नजरिया और सपोर्ट भी देखने को मिल रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में वुमेन वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। वर्कफोर्स में भागीदारी के साथ ही बहुत सी चुनौतियों के बावजूद महिलाएं, एंप्लॉयमेंट देने वाले सेटअप्स भी बना रही हैं। इस देश की नागरिक होने के नाते अपनी भूमिका को पॉजिटिव रूप से विस्तार दे रही हैं। इनोवेशन और स्पेशलाइजेशन के इस संसार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना असल में देश की बेहतरी से जुड़ना ही है।

## खुद की बेहतरी संग बदलाव

देश, समाज या व्यक्तिगत जीवन, आधी आबादी अपनी पूरी हिस्सेदारी दर्ज करवा रही है। स्वतंत्रता के संग्राम से लेकर समाज में सहज सी बातों-हालातों को बदलने तक, भारतीय महिलाएं उत्साह से जुटी हुई हैं। प्रोफेशनल मोर्चे पर आत्मविश्वास के साथ नए फील्ड्स को एक्सप्लोर कर रही हैं। पर्सनल फ्रंट पर भी खुद की संभाल, देखभाल के भाव को बल मिला है। पारंपरिक छवि में तीज-त्योहार मनाती महिलाएं हंसती-खिलखिलाती नजर आती हैं। वहीं विज्ञान-व्यवसाय और तकनीक के संसार में भी उनकी प्रभावी इमेज नजर आती है। देश-समाज और परिवार की धुरी बन आज की स्त्रियां एक ओर सब कुछ थामे हुए हैं तो दूसरी ओर खुद को संभालने का जज्बा भी कम नहीं है। इसी अवेयरनेस के चलते अपनी सशक्त और समर्थ छवि बनाने-निखारने की सोच पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बदलते परिवेश में बहू-बेटियों



को उनके सपने साकार करने में मदद मिल रही है। ऐसे सभी भाव अपने देश को आगे ले जाने से जुड़े हैं। स्त्रियों का खुदमुख्तार होने का यह जज्बा स्वाधीन भारत की नींव सुदृढ़ करने वाला है।

# इस बार नए अंदाज में मनाएं स्वतंत्रता दिवस

स्वाधीनता दिवस, हर भारतवासी के लिए गर्व और उल्लास भरा पर्व होता है। लेकिन इसे आप और भी खास, यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों, बच्चों को शामिल कर सकती हैं।

सेलिब्रेशन

रजनी अरोड़ा



स्वतंत्रता दिवस, आजादी की जंग में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने, उन्हें श्रद्धांजलि देने और स्वाधीन होने का उत्सव मनाने का दिन है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि परिवार के संग देशभक्ति का भाव जगाने और नई पीढ़ी को भारत की आजादी के संघर्ष की जानकारी देने का सुअवसर भी है। ऐसे कई रचनात्मक तरीके हैं, जिनसे आप अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार और अर्थपूर्ण बना सकती हैं।

**करें ध्वजारोहण-गाएं राष्ट्रगान:** अगर आप किसी सरकारी या निजी संस्थान में काम करती हैं तो वहां ध्वजारोहण जरूर किया जाता होगा, उसमें तो आप शामिल होती ही हैं। लेकिन आप अगर हाउसवाइफ हैं तो अपने घर के आंगन या छत पर भी तिरंगा फहरा सकती हैं। इसके बाद बच्चों समेत सब परिजन मिलकर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाएं। तिरंगे को सलामी दें। बच्चों के संग मिलकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाएं। यकीनन इससे सभी के मन में गर्व की अनुभूति होगी।



**सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें भाग:** आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल-कॉलेज, कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन रिहायशी इलाकों, सोसाइटी या मुहल्लों में भी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इन कार्यक्रमों में परिवार समेत भाग लेकर आप स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर सकती हैं।

**तिरंगा थीम फैमिली फोटोशूट:** इस खास अवसर के लिए पूरे परिवार के लिए व्हाइट ड्रेस चुनें। उसके साथ केसरिया-हरा स्कार्फ, बैज या दुपट्टा भी जोड़ें। घर पर तिरंगे बैकग्राउंड वाला सेटअप बनाएं। बच्चों के हाथों में 'मैं भारत हूं' या 'वंदेमातरम' लिखे कार्ड पकड़ाएं। आप तिरंगा थाम सकती हैं। तिरंगा फहराने के बाद इसी थीम में ग्रुप फोटोज क्लिक करें। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। ये पल आपके लिए यादगार बन जाएंगे। इस दिन स्वदेशी यानी मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प भी ले सकती हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्में देखें:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद आप अपने परिवार के साथ देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इस मौके पर आप 'शहीद', 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'चक दे इंडिया', 'स्वदेस', 'मंगल पांडे', 'भगत सिंह', 'तिरंगा', 'बॉर्डर', 'क्रांति' या कोई अन्य पसंद वाली देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इन फिल्मों को देखते हुए आप स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके संघर्ष के बारे में भी बच्चों को बताएं। इससे उनके मन में देशभक्ति की भावना और सघन होगी।

**देशभक्ति संबंधी किताबें पढ़ें:** अगर आप पढ़ने की शौकीन हैं तो देशभक्ति संबंधी किताबें भी पढ़ सकती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन कथाएं या प्रेरक प्रसंग आसान और रोचक तरीके से सुनाएं।

**पौधे लगाएं:** घर के गार्डन में या आस-पास के पार्क में आप अपने परिवार के साथ आजादी के जश्न के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं। परिवार के सभी सदस्य आगे उनका ख्याल भी रखें। इससे आपको स्वाधीनता दिवस समारोह की याद रहेगी और पौधे के जरिए आप देश के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहभागिता भी निभा सकती हैं। आप अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकती हैं।

महात्म्य

आर.सी.शर्मा

श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में हम सब पूजते ही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी लौकिक लीलाओं में ऐसे अनेक संदेश दिए, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं।

# जीवन-जगत के शाश्वत पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण

कृष्ण वंदे जगतगुरुम्। यह वाक्य सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का भाव नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक जीवन दर्शन भी है। श्रीकृष्ण का स्वरूप इतना विराट है कि उनके अनेक आयाम हैं। वह देवता हैं, लीलानायक हैं, परमब्रह्म हैं, योगेश्वर हैं, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने अर्जुन को जो गीता का गुरु ज्ञान दिया, वह समय की सीमाओं को पार कर हर समय के लिए एक शाश्वत जीवनमूल्य बन गया है। आज दुनिया जिस तरह से अनेक संकटों से घिरी है, कई तरह के नैतिक भ्रम पसरे हैं, युद्ध की आशंकाएं हर तरफ मंडरा रही हैं, पर्यावरणीय आपदाएं सिर उठाए खड़ी हैं, इंसान मानसिक अवसाद और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है और इस सबके बीच समाज से आध्यात्मिक चेतना छीजती जा रही है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण केवल श्रद्धा का विषय नहीं हैं बल्कि आज के संकटग्रस्त विश्व के शाश्वत समाधान की तरह हैं।

**देते हैं संकट से संघर्ष का मंत्र:** अगर गहराई से देखें तो महाभारत काल में सिर्फ एक कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था। लेकिन आज तो दुनिया का हर युवा, वृद्ध और बालक अपने-अपने जीवन के कुरुक्षेत्र में खड़ा है। कोई नौकरी और आत्मसम्मान के बीच द्वंद्वरत है, कोई रिश्तों में मोह और स्वाभिमान की टकराहट से घिरा है, किसी के अंदर धर्म और लोभ का संघर्ष चल रहा है, तो बाहरी तौर पर दुनिया के अनेक राष्ट्रों के बीच अपने अहम का वर्चस्व स्थापित करने के लिए गैरजरूरी युद्ध लड़े जा रहे हैं। ऐसे में आज हर सोचने-समझने वाला व्यक्ति अर्जुन की भांति किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा है। वह युद्ध करना नहीं चाहता और हालात ऐसे हैं कि बिना युद्ध के उनसे निकलना



भी संभव नहीं है। ऐसे में स्त्री हो या पुरुष, हर किसी को श्रीकृष्ण जैसे एक सारथी की जरूरत है, जो न केवल उसका रथ हांके, उसे नैतिक विश्वास का संरक्षण भी दे, ताकि वह अपने हिस्से की लड़ाई को पूरे वेग से लड़ सके। यहीं पर मौजूं हो जाता है 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का मूल विचार यानी तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने का है, फल की चिंता मत करो, को अपनाएं। यही श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी शिक्षा है और यही शिक्षा इस संकटग्रस्त विश्व का सबसे बड़ा समाधान है। खासतौर पर स्त्रियों को ऐसे संबल की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनका संघर्ष कई मायने में पुरुषों से भी जटिल और बहुस्तरीय होता है।

**देते हैं जीवंत-कर्मरत रहने का संदेश:** भले आज विज्ञान और तकनीक ने हमें बहुत भौतिक समृद्धि दी हो, लेकिन अधिकांश लोग तनाव, बेचैनी और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अधिकतर महिलाओं पर घर-बाहर के काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है कि वे अवसाद से ग्रस्त रहने लगती हैं। ऐसे में जीवन से अरुचि महसूस होने लगती है। इस मानसिक संत्रास और धार्मिक-आध्यात्मिक शून्यता में फिर से गीता के प्रकाश की जरूरत है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगस्थः कुरु कर्माणि' अर्थात मन को स्थिर करके कर्म करो। गीता का यह श्लोक आज के मेंटल हेल्थ संबंधी विचार और सिद्धांत से पूरी तरह से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि मन को स्थिर रखें, जो गुजर गया, उसकी परवाह न करें, भविष्य की चिंता में डूबें नहीं और जो वर्तमान है, उसमें डूबकर जीएं। इससे शारीरिक और मानसिक तौर पर खुश रहेंगे।

### समझें प्रेम का उदात्त स्वरूप



**आज हमें** अपने इर्द-गिर्द छल, कपट, स्वार्थ और अनीति का वातावरण दिखता है। ऐसे में हम कृष्ण से नैतिकता और विवेक के संतुलन का पाठ सीख सकते हैं। आज जितने लोग विपन्न पहले कभी नहीं रहे। क्योंकि भोगवादी संपन्नता क्षणिक होती है और आज का पूरा समय ही भोग-लिप्सा का समय है। ऐसे में जरूरत है कि एक बार फिर से हम राधा-कृष्ण के उस आध्यात्मिक प्रेम की तरफ देखें, जो धर्म और आचरण की शुद्धता का पर्याय है, जो निजी भावनाओं को ही नहीं बल्कि वातावरण को प्रेममय बना देता है।

रेसिपी/ ओम प्रकाश गुप्ता

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व **जन्माष्टमी (16 अगस्त)** पर आप जरूर व्रत रखेंगी और रात में पूजन के बाद नन्हे कान्हा जी को भोग भी लगाएंगी। इसीलिए इस बार हम आपको बता रहे हैं कई तरह के भोग की रेसिपी।

# कान्हा के लिए बनाएं मीठे-मीठे भोग

### मीठे गुड़-मखाने



**सामग्री :** मखाने-100 ग्राम, गुड़ का चूरा-100 ग्राम, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, घी-तलने के लिए

**विधि:** कड़ाही में घी गरम करके मंदी आंच पर मखाने तल लें। गुड़ में थोड़ा सा पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी में तले हुए मखाने डालकर अच्छी तरह चलाएं। तिल डालकर थोड़ा और चलाएं। मखानों पर चाशनी चढ़ जाने पर आंच से उतार लें। थोड़ा ठंडा होने पर कड़ाही से निकालें। मीठे गुड़-मखाने तैयार हैं।

### मक्खन-मिश्री लड्डू



**सामग्री :** गाय के दूध का मक्खन-250 ग्राम, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, मिश्री के दाने-1/2 कप, पिस्ता चूरा-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-थोड़े से

**विधि:** मक्खन में चीनी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इसमें आधे मिश्री के दाने और पिस्ता चूरा मिलाकर फ्रीजर में रख दें। 1-2 घंटे बाद मक्खन काफी सख्त हो जाएगा। तब इससे मनचाहे आकार के लड्डू बना लें। इन पर बचे मिश्री के दाने लगाकर फिर से फ्रिज में रख दें। जब चाहें तब ठंडे-ठंडे मक्खन के लड्डू फ्रिज से निकालें और तुलसी के पत्ते से गार्निश करके तुरंत सर्व करें।

### दूध-दही पंचामृत



**सामग्री :** दूध-2 कप, दही-1/4 कप, पिसी चीनी-50 ग्राम, शहद-1 छोटा चम्मच, बादाम-1 बड़ा चम्मच, पिस्ता-1 छोटा चम्मच, घी-1 छोटा चम्मच, गंगा जल-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-4, चांदी का वर्क-1

**विधि:** सबसे पहले बादाम और पिस्ते बारीक काट लें। दूध में चीनी घोल लें। इसमें एक कप ठंडा पानी मिला लें। फिर दही, घी, शहद और गंगा जल मिला लें। ऊपर से तुलसी के पत्ते डाल कर कटा बादाम और कटा पिस्ता बुरक दें। दूध-दही पंचामृत तैयार है।

आस्था

अनीता जैन

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी के पर्व का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही यह आत्मबोध का भी पर्व है। इस दिन श्रद्धा से व्रत पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति के साथ आत्मोत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति-आत्मबोध का दिव्य पर्व

जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। इन अवतारों का उद्देश्य केवल दुष्टों का नाश नहीं, बल्कि मानव समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाना भी रहा है। प्रत्येक अवतार मानवता को नया दृष्टिकोण देता है। भगवान विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण का अवतार सबसे विशिष्ट माना जाता है। श्रीकृष्ण केवल एक पूजनीय देवता ही नहीं, बल्कि वह ऐसे आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन में भक्ति, नीति, प्रेम और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनके जन्म की रात्रि, जिसे मोहरात्रि कहा गया है, संसारिक मोह से मुक्ति का संदेश देती है।

**आध्यात्मिक जागरण का पर्व:** जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। यह पर्व हमें श्रीकृष्ण के अवतारी जीवन से सीख लेने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर हर मंदिर और घर में झूला सजता है, भजन-कीर्तन होते हैं और भक्त रात भर जागरण करते हैं। उपवास, ध्यान और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा मिलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और



धर्म ही जीवन के शाश्वत आधार हैं।

**पौराणिक मान्यता:** अवतार का तात्पर्य होता है-अव्यक्त से व्यक्त रूप में ईश्वर का प्रादुर्भाव। जब कंस जैसे अत्याचारी का आतंक बढ़ा, तब श्रीहरि ने देवकी-वासुदेव के पुत्र रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनः स्थापना का उद्घोष किया। उनके जन्म लेते ही कारागार के बंद द्वार खुल गए, हथकड़ियां टूट गईं और प्रहरी निद्रावश हो गए। श्रीकृष्ण को वासुदेव यमुना पार गोकुल ले गए। यह केवल एक बालक का अवतरण नहीं, बल्कि ब्रह्म का प्रकट होना था। श्रीकृष्ण के इस आलौकिक प्राकट्य ने समस्त जगत को उल्लासित कर दिया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन केवल लीलामय नहीं, बल्कि गूढ़ जीवन-दर्शन से परिपूर्ण है। उन्होंने गोकुल में मुरली के मधुर स्वर से प्रेम का पाठ पढ़ाया, तो कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में कर्मयोग का संदेश भी दिया।

**श्रीकृष्ण जन्म की रात्रि का आलौकिक महत्व:** हमारे धर्मग्रंथों में चार विशेष रात्रियों का उल्लेख है- कालरात्रि (दीपावली), महारात्रि (शिवरात्रि), अहोरात्रि (होली) और मोहरात्रि (जन्माष्टमी)। जन्माष्टमी की रात को योग, ध्यान, जप और उपासना का विशेष महत्व है। इस रात्रि में जागरण से मोह-माया से मुक्त होकर आत्मबोध बढ़ता है।

### व्रत-पूजन विधि और महत्व

**भविष्य पुराण** में जन्माष्टमी व्रत को व्रतराज कहा गया है। जिस घर में यह व्रत श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु, कलह, दुर्भाग्य जैसे दोष नहीं आते। इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर व्रत का संकल्प लें। देवकी-वासुदेव और बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को झूले में स्थापित करें। व्रत में देवकी, वासुदेव, नंद, यशोदा, बलराम आदि का नाम लेकर पूजन करें। रात्रि 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को नवीन पीतांबर वस्त्र पहनाएं, तिलक करें और उन्हें पालने में झुलाएं। पूजन में तुलसी, फूल, अक्षत, धूप-दीप, नैवेद्य का प्रयोग करें। माखन-मिश्री, धनिए की पंजीरी, पंचामृत और मक्खन-शक्कर का भोग लगाएं। झूला झुलाते हुए भजन-कीर्तन करें। आरती के पश्चात प्रसाद को भक्तों में वितरित करें और रात्रि जागरण करें। इस रात मंत्रजप, श्रीकृष्ण नामस्मरण और गीता पाठ करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। यह पूजन व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा से मनाया खुदीराम बोस का शहीदी दिवस

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने सोमवार को जुगल किशोर ग्रोवर व लुकेश भुटानी की अगुवाई में शहीद भगत सिंह पार्क व शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क में शहीद खुदी राम बोस का 136वां शहीदी दिवस शहीद खुदी राम बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान रमेश भुटानी, जुगल किशोर, किशोरी नागपाल गुलशन मक्कड़, हमेश खुराना, रमेश भुटानी, शुभम, रवि, कमल, सन्नी नायक, अशोक इलावादी, जस्सी आदि रहे।

### कारपेंटर समिति ने किया पौधरोपण कार्यक्रम

**हिसार।** कारपेंटर समिति ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान समिति से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों ने करीब 250 पौधे लगाए गए। साथ ही निर्णय लिया कि पौधे जब तक पेड़ नहीं बनते उनकी देखभाल करते रहेंगे। कारपेंटर समिति के संरक्षक राकेश गंगवानी ने बताया कि इस दौरान लोगों को स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण बनाने के लिए जागरूक किया गया।

### नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर कल लगेगा

**हिसार।** समाज हित के प्रति अपना जीवन समर्पित करने वाले चौ. फतेहचंद व माता हरबंस कौर की स्मृति में कल निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि दिव्यांग केंद्र में आयोजित होने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के मरीजों का अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा।

### प्रजापति समाज के परिवारों को कल मिलेंगे पात्रता प्रमाण पत्र

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कुम्हार/प्रजापति समाज के पात्र परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। राज्य स्तर पर यह कार्यक्रम 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे कुरुक्षेत्र जिले में मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न जिलों में भी इस मौके पर पात्रता प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हिसार जिले में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे तथा पात्र लाभार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।

### एसपी ने एसआई को ऑनरेरी इंस्पेक्टर पद पर किया पदोन्नत

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सोमवार को अपने कार्यालय में सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार के कंधे पर स्टार लगा कर ऑनरेरी इंस्पेक्टर पदोन्नत किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस जिला में तैनात उप निरीक्षक अशोक कुमार को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति पाने पर पुलिस कप्तान ने कंधे पर स्टार लगाकर हार्दिक बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पदोन्नति उपरांत आपको और अधिक जिम्मेदारी से काम करने की आवश्यकता है।

गांव पाबड़ा में जिला जूनियर एथलैटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

# 80 मीटर हर्डल में अनुज रहा प्रथम

■ जिला भर से खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग की स्पर्धाओं में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एथलैटिक्स हिसार द्वारा पाबड़ा गांव के खेल नर्सरी ग्राऊंड में जिला स्तरीय जूनियर एथलैटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें जिला भर से खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्ग की स्पर्धाओं में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर एथलैटिक्स हरियाणा के वरिष्ठ प्रधान हनुमान सिंह भादू, एथलैटिक्स हरियाणा के प्रधान दिलबाग मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एथलैटिक्स हिसार के प्रधान एथलैटिक्स हिसार के उपप्रधान डॉ. शमशेर रहे। एथलैटिक्स हिसार के वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने बताया कि एक दिवसीय इस प्रतियोगिता में जिला भर से करीब 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया।





हिसार । जिला जूनियर एथलैटिक्स प्रतियोगिता में मैडल प्राप्त प्लेयर्स हनुमान सिंह भादू व अन्यों के साथ। व हरियाणा स्टेट जूनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में उपविजेता रही हिसार की बास्केटबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

### लड़कों की प्रतियोगिता के परिणाम

14 वर्ष लड़के के ट्रायथलॉन ग्रुप सी में प्रथम मोहित, द्वितीय आयुष, तृतीय यज्जत।16 वर्ष में प्रथम दिलकुश, द्वितीय जतिन, तृतीय जैक्शन। 16 वर्ष की 80 मीटर हर्डल में प्रथम अनुज, द्वितीय ऋषित, तृतीय नसीब।18 वर्ष की 400 मीटर में प्रथम सचिन, द्वितीय देव सिंह, तृतीय आर्यन। 18 वर्ष आयु की 5000 मीटर में प्रथम मनीष, द्वितीय मनीष, तृतीय सुमित रहा।

### जूनियर एथलैटिक्स के परिणाम इस प्रकार रहे

लड़कियों में 14 वर्ष ट्रायथलॉन ग्रुप ए में प्रथम संजीत, द्वितीय दीपांशी, तृतीय भावना।16 वर्ष की 80 मीटर हर्डल में प्रथम इच्छा, द्वितीय नवीन, तृतीय विजेता। 16 वर्ष की लंबी कूद में प्रथम मनीषा, द्वितीय खुशबू, तृतीय रिया। 16 वर्ष शाटपुट में प्रथम मनीषा, द्वितीय पाणिनि, तृतीय ज्योति रही।18 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम इशू, द्वितीय दीपिका, तृतीय खुशबू।18 वर्ष आयु वर्ग में 400 मीटर प्रथम अंजली, द्वितीय पूजा, तृतीय कुसम।

### बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिसार उप विजेता

**हिसार।** 57वीं हरियाणा स्टेट जूनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में हिसार की टीम दूसरे स्थान पर रही। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अगस्त तक पानीपत में जिला पानीपत बास्केटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। फाइनल मैच में पानीपत ने हिसार को 108-96 स्कोर से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। बास्केटबॉल संघ हरियाणा के अध्यक्ष अजय श्योराण ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना गुप्ता, महामंत्री स्टेट बीजेपी एवं पांच योजना प्रधान जिला पानीपत रहीं हैं और महावीर सिंह जिला अध्यक्ष पानीपत किसान सैल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि इंटरनेशनल कबड्डी प्लेयर परवीन कुमार उर्फ फोर्ड ने अंकुश (पानीपत) को बैस्ट प्लेयर चैंपियनशिप का खिताब देकर सम्मानित कर किया और भविष्य में अच्छा खेल प्रदर्शन दिखाने का आशीर्वाद प्रदान किया। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने बताया कि लड़का वर्ग में पानीपत ने पहला स्थान, हिसार ने दूसरा स्थान और फरीदाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त करके चैम्पियनशिप ट्राफियां जीतकर अपने अपने जिले का नाम रौशन किया। टीम चीफ कोच कृष्ण और रोहित के अनुसार चिराग,जयंत, सन्नी, दक्ष, राहुल, गौरव निशांत, सुभाशीष, कार्तिक, देवेन, प्रियम और अरमान ने बेहतरीन खेल दिखाकर स्टेट जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया।



हिसार। भंडारे में सेवा देने वाले श्रीश्याम संग परिवार के सदस्य।

# न्यू ऋषि नगर में श्याम बाबा का कीर्तन व भंडारा

■ श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेका व प्रसाद ग्रहण किया, सैंकड़ों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्रीश्याम संग परिवार हिसार संस्था की ओर से न्यू ऋषि नगर में श्याम बाबा का कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान अनिल तनेजा ने बताया कि कीर्तन में अनेक गायकों ने श्याम बाबा का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेका व प्रसाद ग्रहण किया। सैंकड़ों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। उपप्रधान धर्मेन्द्र कथूरिया व कैशियर पीयूष तनेजा ने बताया कि संस्थापक सुरेश जैन का सान्निध्य में संस्था से जुड़े अनेक सेवादारों ने भंडारे में सेवा की।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर दीपक गर्ग, प्रेमचंद, पुरुषोतम बंसल, कृष्ण बंसल, हितेश अग्रवाल, राजकुमार जांगड़ा, रोशन लाल, मुकेश कुमार, मोहित गाबा, मुकेश सैनी, रवि जिंदल, बंटी, नरेश, पंकज शर्मा, सुरेश राजगढ़िया, जय प्रकाश वर्मा, सुभाष, महावीर, राजू, सुरेंद्र, श्यामा आदि उपस्थित रहे।*

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य : डॉ. गोदारा

■ हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरियाणा व राजस्थान के विभिन्न 14 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं का कौशल विकास करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मशरूम के प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बटन मशरूम के अलावा खाद्य एवं औषधीय मशरूम जैसे किंग ओयस्टर, शिटाके, कीड़ा-जड़ी तथा गेनोडर्मा मशरूम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह प्रशिक्षण डॉ. सतीश कुमार महता व संस्थान के अन्य वैज्ञानिकों की देखरेख में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ सतीश कुमार, डॉ. संदीप भाकर, डॉ विकास काम्बोज, डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. प्रियंका, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. विकाश हुड्डा ने विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।



हिसार। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के साथ वैज्ञानिक।

# नगर निगम ने 46 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण



हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम।फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार एक अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत मेयर प्रवीण पोपली ने की थी। इस अभियान में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा को नोडल ऑफिसर, सहायक ऑफिस सुरेन्द्र वर्मा को सहायक नोडल ऑफिसर बनाया गया है। अभियान ड्यूटी मैजिस्ट्रेट ड्यूटी मजिस्ट्रैट डॉ. तेजवीर रहे।

सीएम के आदेश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बेसहारा पशु पकड़ो अभियान की सोमवार को आजाद नगर से की गई। इसके साथ ही रामनगर, रायपुर रोड, मिर्जापुर रोड, दिल्ली बाईपास, सातरोड, सेक्टर 27-28, दिल्ली रोड इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र से 46 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गांव ढंडूर के पास बने नगर निगम के गौ अभ्यारण में भेजा गया। अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि इस अभियान के दौरान अगर कोई क्षेत्रवासी या पशुपालक बाधा उत्पन्न करेगा तो पशु क्रुरता एवंम अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शान्ति निकेतन स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एमसी कॉलोनी स्थित शान्ति निकेतन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल द्वारा रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी, रंगोली व पतंग बनाओ गतिविधियों का आयोजन किया गया। रंगोली बनाओ में मोनिका, राशि, चाहत, अर्पिता, रजनी, ममता, वर्षा, नितिका, कुसुम, मानसी, सोनाम, आशा ने भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। पतंग बनाओ गतिविधि में निखिल, निधिका, निति, चिराग, कृष्णा, हितेष, प्रवेश, शिवम ने भाग लेकर अपनी शानदार प्रतिभा दिखाई। राखी बनाओ गतिविधि में दीक्षा, मन्नत, भारत, नुपुर, जानवी और प्रिंस ने भाग लेकर अपनी सुन्दर कला को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर शान्ति निकेतन विद्यापीठ के वाईस चेयरमैन इंजि. साहिल दलाल, मेजर धर्मेश दलाल, सचिव गुलशन सेहरा ने प्राचार्य, स्कूल प्रबंधक, स्टॉफ सदस्यों तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा साथ ही साथ अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल स्टाफ सदस्यों में मैडम नुपूर, अनीता, संगीता, रजनी, नीशू, पारुल, शिक्षा, सुनीता, सोनिका, वंदना शर्मा उपस्थित रही।



# वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर

■ कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकार व विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हिसार के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन तथा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर मोक्ष ओल्ड ऐज होम में एक विशेष कार्यक्रम चाय पर चर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकार व विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करना था।

इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता महावीर और अधिकार मित्र रविंदर ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सीजेएम अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से युवा पीढ़ी लाभान्वित होती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमेशा वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए तत्पर रहेगा।




हिसार । विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित सीजेएम अशोक कुमार व अधिकारीगण।

# वेद सृष्टि का आधारः शमशेर आर्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वेद सृष्टि का आधार है वैदिक शिक्षाओं के बिना संसार में वास्तविक सुख -शांति और प्रगति नहीं हो सकती है। यह बात हरयाणा राज्य गोशाला संघ के प्रदेशाध्यक्ष शमशेर आर्य ने वैदिक गुरुकुल पाबड़ा की स्थापना दिवस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। आर्य ने बताया कि वेदों में पूरे ब्रह्मांड की सभी तरह की जानकारियां उपलब्ध हैं तथा इस प्रकृति के ठीक ठीक संचालन और रखरखाव का सही तरीका बताया गया है, इसलिए वैदिक शिक्षाओं से ही मनुष्य सफल और सुखी हो सकता है। वेद की शिक्षाएं न मानने के कारण ही आज पूरी दुनिया में अफरा तफरी का माहौल है। गुरुकुल के संचालक एवं संस्थापक आचार्य सत्यवीर प्रेरक ने सभी अतिथि मेहमानों का स्वागत करते हुए गुरुकुल के निर्माण एवं संचालन गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर मास्टर घनश्याम, ऋतु आर्या, सुनीति आर्या, साक्षी आर्या, प्रेम प्रकाश आर्य, प्रवेश आर्य आदि ने भी अपने विचार रखें। अंत में पौधरोपण किया गया तथा डॉ. शीशपाल कुंडू ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

## आर्य समाज नागोरी गेट के श्रावणी उपाकर्म का यज्ञ के साथ शुभारंभ

# जब तक व्यक्ति बाह्य कर्मकांड तक सीमित है उसे सुख प्राप्त नहीं होगी

■ संगीतमय भजनों से दिया उपस्थित श्रोताओं को भजनोपदेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आर्य समाज लाला लाजपतराय चौक, नागोरी गेट का वेद प्रचार श्रावणी पर्व प्रातः यज्ञ से प्रारंभ हुआ। यज्ञ के यज्ञमान पद को सुरेंद्र बहल एवं सुनीता बहल, मांगेराम आर्य एवं कृष्ण, विकास कुमार आर्य सातरोड़ एवं कृष्ण व प्रीति आर्या ने सुशोभित किया। यज्ञ का संपादन कर्मवीर शास्त्री ने किया। इस अवसर पर डॉ. वेदपाल आर्य ने सुख प्राप्ति के साधनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी प्राणी दुख से बचना तथा सुख प्राप्त करना चाहते हैं। मनुष्य ही विचारपूर्वक प्रयत्न करके दुख से छूटकर सुख प्राप्त कर सकता है। कुछ मनुष्य तो आहुति देकर, हवन करके, दीप प्रज्वलित करने मात्र से सुख प्राप्त करना चाहते हैं। इसके लिए वह विविध प्रकार के यज्ञ करते हैं। अपनी उत्तम सामग्री अग्नि अथवा अपने उपास्य को समर्पित कर देते हैं। जब तक व्यक्ति अपने जीवन में परिवर्तन न करके केवल बाह्य कर्मकांड तक सीमित रहते हैं उन्हें वास्तविक सुख की प्राप्त नहीं होगी। इसके लिए आचरण की पवित्रता अनिवार्य है। इस अवसर पर पंडित कुलदीप ने अपने संगीतमय उपदेश से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।



हिसार । वेद प्रचार एवं श्रावणी उपाक्रम में भजन प्रस्तुत करते बच्चे।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधान देवेंद्र सिंह सैनी, मंत्री नरेंद्र पाल मिगलानी, बलराज सिंह मलिक कोषाध्यक्ष, दलबीर आर्य व सुभाष उप प्रधान, सत्यप्रकाश गोयल एवं सुशील लीखा संरक्षक, नंद लाल चोपड़ा, मुकेश सैनी, कुलदीप ग्रोवर, एडवोकेट जयवीर सोनी, ईश आर्य, महावीर पूर्व तहसीलदार, राजबाला सैनी, कविता सैनी, सुमन गर्ग व सीमा काठपाल आदि उपस्थित रहे।

### किसान सभा मंगाली इकाई के प्रधान चुने गए कन्हैया

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा से जुड़े किसानों की गांव मंगाली में रविन्द्र पूनिया के आवास पर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सरपंच सतबीर सिंह ने की जबकि संचालन तहसील सचिव रमेश मिरकां ने किया। बैठक में गांव की किसान इकाई का गठन करते हुए कन्हैया को प्रधान, इन्द्र सिंह को सचिव व नरसी कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में राजेन्द्र खिचड़, साहब राम, रमेश कुमार, राजेन्द्र पूनिया, टेकचंद, मनीष कौशिक, बीर सिंह, वजीर लाडवा, राम पूनिया, सतपाल शर्मा, नरेन्द्र पूनिया आदि रहे।

**सूचना**

मैं, टेक चन्द पुत्र श्री शिशपाल निवासी गांव ढाणी मोहब्बतपुर तह. आदमपुर जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र चन्द्र मोहन व उसकी पत्नी सन्तोष मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खेड़ा रागंडान तह. बास जिला हिसार के नया तालाब व पुराना तालाब की मछली पालन हेतु पट्टे की बोली 8 वर्ष के लिए दिनांक 18.08.2025 को सुबह 11:00 बजे गांव के ग्राम सचिवालय में की जाएगी। जिसकी सिक्योरिटी राशि 50000/-रू० (पचास हजार) प्रति तालाब होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।
नोट:- नया वाला तालाब एस.सी. के लिए रिजर्व रहेगा।
राजेश कुमार, ग्राम सचिव, मो० ना-7056328961
सुशील कुमार, सरपंच, ग्राम पंचायत खेड़ा रागंडान हांसी-2, मो0 9050882214

खबर संक्षेप

### हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य कक्ष के सामने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने हवन यज्ञ में अपनी आहुति डाल कर परमपिता परमात्मा का आशीर्वाद ग्रहण करते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की।

### डीएन कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में सोमवार को स्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रथम वर्ष के छात्रों को महाविद्यालय के वातावरण, संस्कृति और नियमों से परिचित कराना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों को कॉलेज के नियमों और मूल्यों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम करने व अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर मंजीत सिंह ने छात्रों को कॉलेज के बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, पुस्तकालय प्रयोगशाला और अन्य संसाधनों की जानकारी दी।

### भाजपा सोशल मीडिया विभाग में की नियुक्तियां

**हिसार।** भाजपा वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद जिला सोशल मीडिया विभाग में नियुक्तियां की गई है। जिला सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़ ने प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक अरूण यादव व जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ से विचार-विमर्श के बाद ये नियुक्तियां की है। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि विक्रम कासनिया व विजय खटक को जिला सह प्रमुख बनाया गया है।

### आरडब्ल्यूए ने विधायक व अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**हांसी।** एचएसवीपी सेक्टर -6 की आरडब्ल्यूए प्रधान दिलबाग जाखड़ की अगुवाई में सेक्टर के पदाधिकारियों ने सोमवार को सेक्टर में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए विधायक विनोद भयाना व नगर परिषद के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रधान जाखड़ ने कहा कि आरडब्ल्यूए द्वारा नगर परिषद अधिकारियों के समक्ष बार-बार समस्याएं उठाये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नही हो रही।

### मनरेगा मजदूरों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नारनौंद।** अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच राज्य कमेटी के आह्वान पर प्रदेश के सभी विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में ब्लॉक नारनौंद की कमेटी ने गांव पेटवाड़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी के नेतृत्व में हलका विधायक जस्सी पेटवाड़ को ज्ञापन सौंपा सौंपकर मांगों को जल्द पूरा करने की मांग भी रखी।

### धूमधाम से मनाएंगे जन्माष्टमी महोत्सव

**हिसार।** इस्कॉन सेंटर, हिसार के तत्वाधान में 16 अगस्त को अग्रसेन भवन में सायं 7 बजे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस सम्बंध में दयानंद कॉलेज रोड स्थित खाराखेड़ी धर्मशाला में हुई एक बैठक में कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोहर मुरारी दास प्रभु ने की।

### समस्याओं की ओर दिलवाया प्रशासन का ध्यान

**हिसार।** एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन ने प्रशासन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की तरफ दिलाया है। संगठन का कहना है कि कई मामले लंबे समय से लंबित पड़े हैं, जिनकी तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संगठन के प्रधान ने कहा कि विवि में क्लर्क से सहायक और सहायक से डिप्टी सुरिडेंट के पदों पर पदोन्नति के लिए रिकॉर्ड काफी समय पहले मांगे जा चुके हैं।

## तिरंगा यात्रा में शामिल होकर शहीदों के प्रति की कृतज्ञता व्यक्त

# वीर शहीदों और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में हांसी में निकाली तिरंगा यात्रा



हांसी। शहर में तिरंगा यात्रा निकालते विधायक विनोद भयाना, साथ हैं भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में सोमवार को हांसी शहर तथा कुतुबपुर गांव में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शहर में आयोजित तिरंगा यात्रा शहीद भगत सिंह पार्क से प्रारंभ हुई। यात्रा में शामिल होने से पूर्व विधायक विनोद भयाना तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने शहीदों की प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वंदे मातरम तथा भारत माता के जयकारों के बीच तिरंगा यात्रा शहर के विभिन्न मुख्य स्थानों से होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। जहां विधायक विनोद भयाना, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, साहिल भयाना, भाजपा नेता राजपाल यादव, भाजपा नेता राजेश ठकराल, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, दिनेश भूटानी, प्रवीण बंसल, प्रवीण गोदारा, अजय सैनी, मनजीत जांगड़ा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष अनिल जोगी सहित सैकड़ों लोगों ने शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुतुबपुर गांव में विधायक विनोद भयाना तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। गांव के मुख्य चौक से शुरू हुई तिरंगा यात्रा का समापन शहीद जिले सिंह की प्रतिमा के निकट हुआ। विधायक विनोद भयाना व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने शहीद जिले सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र लोहान, मनीष गोयल, पूजा, श्याम खाण्डा, सरपंच अजय पवार, प्रमोद प्रजापत व नसीब मलिक सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



हिसार। तिरंगा यात्रा के दौरान उपस्थित विधायक रणधीर पनिहार।

### विधायक पनिहार के नेतृत्व में निकाली तिंरगा यात्रा

**हिसार।** नलवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर पनिहार ने सोमवार को गांव मंगाली की मुख्य चौपाल पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर गांव मंगाली एवं स्याहड़वा मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे, जिन्होंने गांव की विभिन्न समस्याओं को लिखित रूप में विधायक के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट, बिजली व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जैसी मांगें रखीं। विधायक रणधीर पनिहार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव है, उन्हें तुरंत निपटाया जाए। जन समस्याओं के निपटारे के बाद विधायक रणधीर पनिहार ने गांव मंगाली में मेन बस स्टैंड से लेकर मंगाली आकलान स्थित शहीद स्मारक तक हर घर तिरंगा अभियान यात्रा में भी शिरकत की। यात्रा के दौरान उन्होंने शहीद स्मारक व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर ब्लॉक समिति हिसार प्रथम के चेयरमैन सुरेंद्र मंडा, ब्लॉक समिति हिसार द्वितीय के चेयरमैन अजय गावड़, जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, जोगीराम खुंडिया, मुनीष ऐलावादी, बलजीत फौगाट मंडल अध्यक्ष, बलराज धायल, हनुमान वर्मा, जोगिंद्र, पूनम, सरिता जोगी, गुलाब खनगवाल, राजेश, राजकुमार, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



हांसी। अलंकृत समारोह में सभी सदनों के प्रतिनिधियों के साथ स्कूल संचालक डॉ संदीप देसवाल व मुख्याध्यापिका पूजा राणा। फोटो :हरिभूमि

# आरपीएस पब्लिक स्कूल में अलंकृत समारोह आयोजित

■ आहना जूनियर हैड गर्ल व रितेश बने हैड ब्वाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस संस्था सोमवार को स्कूल प्रांगण में अलंकृत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को बढावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक डॉ संदीप देसवाल ने मुख्याध्यापिका पूजा राणा व सभी सदनों के मुख्य सदस्यों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं की छात्रा आहना को जूनियर हैड गर्ल व रितेश का जूनियर हैड बॉय के रूप में चयन किया गया। सर्वप्रथम जूनियर हैड बॉय व जूनियर हैड गर्ल सभी सदनों के चयनित छात्रों के साथ मुख्य अतिथि को सलामी देते हुए प्रांगण में उपस्थित हुए। तत्पश्चात विद्यालय के संचालक व मुख्याध्यापिका द्वारा जूनियर हैड बॉय जूनियर हैड गर्ल कप्तान व उपकप्तान को कमरबंद व पदक पहनाकर अलंकृत किया गया। इस अवसर पर मदर टेरेसा सदन की मुखिया गीना देवी व सहायक शिक्षिका ममता, रामानुजन सदन की मुखिया रेणु व सहायक शिक्षिका ललिता सेठी कल्पना चावला सदन की मुखिया कविता कौशिक व सहायक शिक्षिका सुनीता देवी, अब्दुल कलाम सदन की मुखिया मधुबाला व सहायक शिक्षक श्रीमान सज्जन द्वारा सदन के प्रधान सदस्यों को कमरबंद व पदक पहनाकर अलंकृत किया गया। इसके साथ-साथ कक्षा तीसरी से आठवी तक प्रत्येक कक्षा के चैंपियन को भी पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। अपने सदन के ध्वज के साथ सभी चयनित छात्रों ने निष्ठा व ईमानदारी से अपनी अपनी भूमिका निभाने के लिए शपथ ग्रहण की। विद्यार्थियों द्वारा एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देने हेतु समूहगान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संचालक डॉ संदीप देसवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासित छात्र बनने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया।

# होली चाइल्ड स्कूल की अंडर-17 गर्ल्स नेटबॉल टीम ने लहराया जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार की अंडर-17 गर्ल्स नेटबॉल टीम ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अदम्य जज़्बे और अनुशासित प्रदर्शन के बल पर जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, शहर और पूरे जिले का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि इन खिलाड़ियों में से तमन्ना, रिया, ऊषा, सिमरन और अंशुल राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा को जौहर दिखा चुकी हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने टीम की जीत को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मंच प्रदान करना रहा है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के अनुभवी खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद ने बताया कि खिलाड़ी सुबह-शाम कठिन अभ्यास सत्रों में जुटी रहीं, जिससे उनकी खेल दक्षता में निखार आया।



हिसार। विजेता टीम विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं खेल प्रशिक्षक के साथ।

### कंबाइन से मूंग कटाई करता किसान आया तारों की चपेट में, करंट से मौत

**बरवाला।** क्षेत्र के गांव धांसू निवासी एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के समय मृतक युवक अपने भाई व एक अन्य किसान के साथ खेतों में कंबाइन से मूंग फसल की कटाई कर रहा था। हादसे के बाद परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि धांसू गांव निवासी लगभग 32 वर्षीय संजय राहड़ व उनके भाई गांव धांसू में तलवंडी राणा के पास स्थित खेतों में कंबाइन से मूंग की कटाई कर रहे थे। इस दौरान खेत के ऊपर से हाई वोल्टेज बिजली के तार गुजर रहे थे। बताया जा रहा है कि संजय कंबाइन के ऊपर खड़े होकर मशीन में निकल रही फसल को संभाल रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने से वह बिजली के तारों के संपर्क में आ गया।

# कन्या विद्यालय में स्वयंसेविकाओं ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की एनएसएस विंग की स्वयं सेविकाओं के द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य हर नागरिक में देशभक्ति की भावना जागृत करना व राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को जन -जन तक पहुंचाना था। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल व भजन गायिका निशा शर्मा दीदी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयं सेविकाओं ने रैली के दौरान 'तिरंगा हमारी शान है, ये भारत की पहचान है। 'हर घर तिरंगा लहराएंगे, भारत माता का मान बढ़ाएंगे। 'तिरंगे की शान में जीना, तिरंगे की शान में मरना। 'तिरंगा ऊंचा लहराएं, भारत का गौरव बढ़ाएं। जैसे देश भक्ति से ओत-प्रोत नारे लगाए तथा स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल, उपसचिव लक्ष्मीकांत गोयल, प्रबंधक समिति सदस्य चंद्रभान गर्ग, नकुल कुमार अग्रवाल ने स्वयं सेविकाओं को तिरंगे के महत्व, उसकी मर्यादा और सही उपयोग के बारे में भी जानकारी दी।




हांसी। हर घर तिरंगा जागरुकता रैली को रवाना करती स्कूल प्राचार्या रेनू बंसल व अन्य।

### अवैध रूप से बनाए गए स्पीड ब्रेकर बन रहे दुर्घटना का कारण

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ऑल इंडिया राहुल गांधी कांग्रेस कमेटी के सदस्य वजीर सिंह पूनिया ने नजदीकी गांव आर्यनगर में कुछ ही दूरी पर बनाए गए एक दर्जन स्पीड ब्रेकरों व उनसे हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है। पूनिया ने कहा कि आर्यनगर गांव में थोड़ी सी दूरी पर लगभग एक दर्जन स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। यह जगह भी ज्यादा लंबी नहीं है और गांव के आसपास वैसे भी वाहनों की स्पीड कम रहती है। इसके बावजूद बिना किसी संकेत बोर्ड के गांव में जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं, जो आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं।

# सूरज कराटे प्लेनेट के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

■ 2 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीते

हिसार के कराटे प्रमुख कोच हरीश सिराधना ने बताया कि 9 वर्ष के 25 किलोग्राम भार वर्ग में प्रशांत और 12 वर्ष के 40 किलोग्राम भार वर्ग में आरव ने स्वर्ण पदक जीते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 19वीं ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कराटे कप चैंपियनशिप में पूरे भारत से लगभग चार हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए सूरज कराटे प्लेनेट के 15 कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और कुल 6 पदक अपने नाम किए, जिनमें 2 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य शामिल हैं। हिसार के कराटे प्रमुख कोच हरीश सिराधना ने बताया कि 9 वर्ष के 25 किलोग्राम भार वर्ग में प्रशांत और 12 वर्ष के 40 किलोग्राम भार वर्ग में आरव ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं, 9 वर्ष के 30 किलोग्राम भार वर्ग में रीवा और 16 वर्ष प्लस 76 किलोग्राम भार वर्ग में नमन ने रजत पदक हासिल किया। 13 वर्ष के 65 किलोग्राम भार वर्ग में यश और 14 वर्ष के 45 किलोग्राम भार वर्ग में हिमांशु ने कांस्य पदक जीते। इसके अलावा खुशी, लोकीक, शौर्य, सावी, विनय, सानवी बंसल, विधि जैन, आसमा और आलिया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में एशियन रेफरी हरीश सिराधना और राष्ट्रीय रेफरी आरुषि सैनी ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जबकि विकास मणकस और विजय अग्रवाल ने टीम कोच के रूप में सहयोग दिया। हिसार लौटने पर खिलाड़ियों का अभिभावकों और सूरज कराटे परिवार ने जोरदार स्वागत किया।




हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले सूरज कराटे प्लेनेट के खिलाड़ी।

# टोल पार कर रहे ट्राले में लगी आग, मची अफरा तफरी

**हिसार।** नजदीकी गांव लांधड़ी टोल प्लाजा के नजदीक एक ट्राले में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। टोल कर्मियों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी।फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्राले में लगी आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्राला काफी हद तक जल चुका था। मिली जानकारी के अनुसार अग्रोहा कस्बे के पास लांधड़ी टोल पर ट्राले ने जैसे ही पार करने का प्रयास किया तो अचानक उसमें धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही टोल कर्मियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी है, लेकिन ट्राला पूरी तरह जलकर राख हो चुका है। बताया जा रहा है कि घटना के समय ड्राइवर ने किसी तरह वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।





## कुलपति ने विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद

# सीधे संवाद के माध्यम से ही समझी जा सकती विद्यार्थियों की समस्याएं व भावनाएं : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया है कि वे विश्वविद्यालय की आधारभूत सुविधाओं का पूरा फायदा उठाएं तथा नियमित रूप से कक्षाओं में आना सुनिश्चित करें। विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षाओं में आकर ही अपने एकेडमिक कोर्सों को समय पर पूरा कर सकेंगे।

कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई सोमवार को विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, जनसंचार, हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस, वाणिज्य, भूगोल तथा कानून विभाग में शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से सीधा संवाद कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों से सीधे संवाद के माध्यम से ही उनकी समस्याओं व भावनाओं को समझा जा सकता है। कुलपति ने कक्षाओं में विद्यार्थियों के बीच बैठकर कक्षा संचालन का जायजा लिया। प्रिंटिंग विभाग में विभाग के एक पूर्व विद्यार्थी अशोक मारवाह से भी संवाद किया। उन्होंने मारवाह से कहा कि अपने जूनियर विद्यार्थी साथियों को कैरिअर संबंधित चुनौतियों के विषय में अवगत कराएं। इस अवसर पर हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. वीके बिश्नोई, अधिष्ठाता प्रो. कर्मपाल, कानून विभाग के चेयमैन प्रो. राजीव, वाणिज्य विभाग की चेयरमैन डा. निधि तुरान, भूगोल विभाग से डॉ. रामसिंह बैनीवाल तथा प्रिंटिंग विभाग से प्रो. पंकज तिवारी भी उपस्थित रहे।



हिसार। विद्यार्थियों के बीच बैठकर कक्षा संचालन का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई। फोटो :हरिभूमि





### गुजवि के तीन बीटेक विद्यार्थी जिंदल इंडस्ट्रीज में चयनित

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बी.टेक. मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के तीन विद्यार्थियों का चयन विश्व विद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान जिंदल इंडस्ट्रीज में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। निदेशक (प्लेसमेंट) डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि बी.टेक. (ईई) एवं बी.टेक. (एमई) के कुल 24 विद्यार्थियों ने इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। उन्होंने विकास प्रधान (हेड–एचआर एवं आईआर), रवि कुमार पारीक (डिप्टी मैनेजर–एचआर एवं पर्सनल) एवं जिन्दल इंडस्ट्रीज टीम के अन्य अधिकारियों का विश्वविद्यालय के साथ निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।